<u>राजस्थान–सरकार</u>

<u>कार्यालय प्राचार्य, आर.एन.रूईया राजकीय महाविद्यालय, रामगढ़ शेखावाटी (सीकर)</u>

# राष्ट्रीय सेवा योजना

**12.07.2023–** मेरी माटी मेरा देश प्रोग्राम के तहत ग्राम पंचायत बलोद छोटी में ग्रामवासियों के साथ मिटिंग का आयोजन किया गया तथा युवाओं को युवा पोर्टल से जुड़ने के लिए प्रेरित किया एवं उनका पंजीयन भी करवाया। ओर स्वयंसेवको ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बलोद छोटी एवं ग्राम के मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया।



**15.07.2023–** हरित राजस्थान सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी शुंभाराम किया गया। जिला संयोजक डॉ. महेन्द्र कुमार ने स्वयं सेवको को युवा पोर्टल एवं मेरी माटी मेरा देश प्रोग्राम पर व्याख्यान दिया साथ ही युवाओं को युवा पोर्टल से जुड़ने के लिए भी प्रेरित किया एवं उनका पंजीयन भी करवाया। स्वयंसेवको ने एक–एक पौधा लगाया तथा पौधों की सुरक्षा एवं संवर्धन का संकल्प लिया।



दैनिक भास्कर फतेहपुर भास्कर 16-07-2023

### पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

रामगढ़ शेखावाटी | कस्बे के राजकीय सेठ आरएन रूइया पीजी कॉलेज में पौधरोपण किया गया। एनएसएस के जिला संयोजक डॉ. महेन्द्र कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत संचालित गतिविधियों का निरीक्षण किया। डॉ. महेन्द्र कुमार ने स्वयं सेवकों को युवा पोर्टल व मेरी माटी मेरा देश प्रोग्राम पर व्याख्यान दिया। साथ ही युवाओं को युवा पोर्टल से जुड़ने के लिए भी प्रेरित किया । इस अवसर पर हरित राजस्थान सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत कॉलेज में पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कॉलेज प्राचार्य प्रो. महेश कुमार स्वामी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमन व डॉ. सिकन्दर अली तथा समस्त स्टॉफ सदस्यों व स्वयंसेवकों द्वारा पौधरोपण करते हुए दूसरों को भी पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने का आह्वान किया।



**28.07.2023–** विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के उपलक्ष में योगेश शर्मा (पर्यावरण प्रेमी) व राकेश कुमार जी पटवारी सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत– बाठोद के सानिध्य में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी टीम ने 101 फलदार, फूलदार व छायादार पौधे महाविद्यालय प्रांगण में रोपित किए तथा 51 पौधे महाविद्यालय के विद्यार्थियों को वितरित किए। इस अवसर पर विधार्थियों द्वारा एक–एक पौधा लगाया गया तथा उनकी सुरक्षा एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया।



**03.08.2023–**

# अंगदान प्रतिज्ञा

मैं........................................................ देश में प्रत्यारोपण के लिए अंगों और टिश्यू की कमी को देखते हुए, मैं यह प्रतिज्ञा करता / करती हूँ कि मैं अपने परिवार, मित्रों और देशवासियों को भी अपने अंग एवं टिश्यू दान करने के लिए प्रेरित करने के सभी प्रयास करूंगा / करूंगी।

| अधिकारी / कर्मचारी का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|
| श्री महेश कुमार स्वामी | |
| श्रीमती शारदा इन्दलिया | |
| श्री नवीन कुमार | |
| श्रीमती ज्योति शर्मा | |
| डा. एस.के सक्सेना | |
| डा. एस.के.शर्मा | |
| डॉ. सुमन कुमारी | |
| डॉ ज्योति जांगिड | 03/08/23 |
| डॉ. सिकन्दर अली | |
| श्री विष्णु प्रसाद शर्मा | |
| श्री अशोक कुमार मिश्रा | |
| श्री अशोक कुमार | |
| श्री रमेश कुमार कुमावत | |
| श्री राकेश शर्मा | |
| श्री नन्दकिशोर जांगिड | |
| श्री संजय कुमार | |
| श्री महेन्द्र कुमार | |



**11.08.2023**– मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत एन.एस.एस. की इकाईयों के द्वारा माटी को नमन वीरों का वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पोधारोपण से कि गई तथा कुल 75 पौधें लगायें। प्राचार्य द्वारा पंच प्राण की शपथ दिलाई गई तथा देश की सुरक्षा में सैनिको की भूमिका का प्रकाश डाला गया।




## रामगढ़ शेखावाटी में वीरों का वंदन कार्यक्रम आयोजित

रामगढ़ शेखावाटी | कस्बे के राजकीय सेठ आरएन रूइया पीजी कॉलेज में मेरी माटी मेरा देश अभियान के अन्तर्गत एनएसएस और एनसीसी के संयोजन में माटी को नमन वीरों का वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में पोधरोपण कार्यक्रम में 75 पौधे लगाये गए है। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. महेश स्वामी द्वारा पंच प्रण की शपथ दिलाई गई तथा देश की सुरक्षा में सैनिको की भूमिका का प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर एनसीसी प्रभारी ले.नवीन कुमार, एनएसएस प्रभारी डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. सिकंदर अली एवं समस्त महाविद्यालय स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

**12.08.2023**– मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर से रेलवे स्टेशन, जी.डी. स्कूल, बिसाऊ दरवाजा, बाजार से होते हुए पुराने बस स्टैण्ड तक पैदल मार्च कर

''प्रभात रैली'' निकाली जिसमें छात्र–छात्राओं ने मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत देश के वीर शहीदो के नारे लगाकर मेरी माटी मेरा देश अभियान के बारे मे रामगढ़ की जनता को जागरूक किया रैली समापन पश्चात प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत राष्ट्र के प्रति आज के युवा की सोच आगे बढाने व देश प्रेम हेतु प्रेरित किया व देश के वीरो के प्रति नमन व उनकी शहादत को याद किया। रैली के पश्चात रा.से.यो. के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान कर परिसर की साफ–सफाई की।


राजस्थान–सरकार

कार्यालय प्राचार्य, आर.एन.रूईया राजकीय महाविद्यालय, रामगढ़ शेखावाटी (सीकर)

कमांक : 625 दिनांक : 12.08.2022

श्रीमान् सम्पादक
राजस्थान पत्रिका, रामगढ़ शेखावाटी।

**प्रेस नोट**

**एन.एस.एस. ने निकाली ''प्रभात रैली''**

मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत आज प्रातः 11:00 बजे सेठ आर. एन. रूईया राजकीय महाविद्यालय, रामगढ़ शेखावाटी के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर से रेलवे स्टेशन, जी.डी. स्कूल, बिसाऊ दरवाजा, बाजार से होते हुए पुराने बस स्टैण्ड तक पैदल मार्च कर ''प्रभात रैली'' निकाली जिसमें छात्र–छात्राओं ने देश भक्ति, माटी की महता और वीरों के वंदन से ओत प्रोत नारे लगाकर मेरी माटी मेरा देश अभियान मनाने हेतु रामगढ़ की जनता को जागरूक किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. महेश कुमार स्वामी , रा.से.यो. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुमन ढाक व डॉ. सिकन्दर अली व श्रीमती शारदा इन्दलिया, डॉ. ज्योति शर्मा एवं डॉ. ज्योति जांगिड सहित विद्यार्थियों ने तिरंगा रैली में सहभागिता दर्ज की। रैली समापन पश्चात प्राचार्य प्रो. महेश कुमार स्वामी ने सभी विद्यार्थियों को 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान को सफल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रभात रैली के पश्चात रा.से.यो. के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान कर परिसर की साफ–सफाई की।

प्राचार्य

प्राचार्य
आर.एन.रूईया राजकीय महाविद्यालय
रामगढ़-शेखावाटी (सीकर) राज।

**14.08.2023–** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने पैदल मार्च कर ''तिरंगा रैली'' निकाली जिसमें छात्र–छात्राओं ने देश भक्ति से ओत प्रोत नारे लगाकर आजादी का अमृत महोत्सव मनाने हेतु रामगढ़ की जनता को जागरूक किया व स्वतंत्रता दिवस तक अपने घरो व प्रतिष्ठानो पर तिरंगा लगाने हेतु प्रेरित किया। रैली समापन पश्चात प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया व देश के वीरो के प्रति नमन व उनकी शहादत को याद किया। तिरंगा रैली के पश्चात रा.से.यो. के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान कर परिसर की साफ–सफाई की।



**21.08.2023**– 'सद्भावना दिवस' के उपलक्ष में महाविद्यालय में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्री राजीव गांधीजी की 79 वीं जयन्ती के अवसर पर श्री राजीव गांधीजी को श्रद्धान्जलि अर्पित की गई। सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, समस्त धर्मो, भाषाओं व क्षेत्रों के लोगो में साम्प्रदायिक सदभाव को बढावा देने के लिए प्रोत्साहित किया एवं सद्भावना शपथ दिलवाई। कार्यक्रम अधिकारी ने दूरसंचार, शिक्षा में आधुनिकीकरण, प्रौधोगिकी के क्षेत्र में श्री राजीव गांधी द्वारा किये गये उत्कृष्ट प्रयासों पर प्रकाश डाला।



दैनिक भास्कर फतेहपुर भास्कर 22-08-2023

रामगढ़ शेखावाटी. सद्भावना दिवस मनाते हुए।

**सद्भावना दिवस कार्यक्रम आयोजित**

भास्कर न्यूज | रामगढ़ शेखावाटी

कस्बे के राजकीय सेठ आरएन रूइया पीजी कॉलेज में सद्भावना दिवस के उपलक्ष्य में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर महाविद्यालय स्टाफ के शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक सदस्यों एवं विद्यार्थियों द्वारा गांधी को श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमन कुमारी ने स्वयंसेवकों व कैडेट्स को राष्ट्रीय एकता, अखंडता, समस्त धर्मों, भाषाओं व क्षेत्रों के लोगों में साम्प्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्य महेश कुमार स्वामी ने सद्भावना शपथ दिलवाई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सिकन्दर अली ने दूरसंचार, शिक्षा में आधुनिकीकरण, प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राजीव गांधी द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रयासों पर प्रकाश डाला। शारदा इन्दलिया एवं डॉ. सुमन कुमारी विद्यार्थियों को केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा दी जानी वाली विभिन्न छात्रवृत्तियों के बारे में बताया। महाविद्यालय के महिला-प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राजस्थान राज्य महिला नीति-2021 पर आधारित गतिविधियों की शृंखला में प्राचार्य महेश कुमार स्वामी की अध्यक्षता में राज्य सरकार द्वारा दी छात्राओं के लिए विशेष तौर पर प्रारम्भ की गई विभिन्न छात्रवृत्तियों के बारे में जानकारी दी गई।

महिला-प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. शारदा इन्दलिया ने आर्थिक व सामाजिक रूप से कमजोर, अल्पसंख्यक वर्ग से सम्बन्धित छात्राओं के लिए उपलब्ध छात्रवृत्तियों तथा ट्रांसपोर्ट वाउचर योजना 2023 के लिए आवेदन की प्रक्रिया, योग्यता आदि की जानकारी दी। डॉ. सुमन कुमारी ने विभिन्न स्कूटी योजनाओं के बारे में बताया। डॉ. ज्योति शर्मा ने राज्य सरकार की उड़ान योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा महाविद्यालय को आपूर्त की गई निशुल्क सेनेटरी नैपकिन्स वितरित की जाने की जानकारी दी।

**29.08.2023**– 'मेजर ध्यानचन्द जयंती' के उपलक्ष में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में खेल–कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने छात्र–छात्राओं को खेलो के महत्व के बारे में बताया। प्रतियोगिताओं में विजेताओं को मेजर ध्यानचन्द ऑवार्ड से सम्मानित किया गया।



**31.08.2023–** राजस्थान मिशन–2030 के तहत प्रदेश के चहुँमुखी विकास एवं प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए स्कूल एवं कॉलेज शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के प्रबुद्धजनों विषय विशेषज्ञों, हितधारकों, विद्यार्थियों एंव युवाओं के सुझावों, आकांक्षाओं व अपेक्षाओं को शामिल करने के उद्देश्य से आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश को 2030 तक देश का अग्रणी राज्य बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए मिशन 2030 के संदर्भ में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया एवं शिक्षा के क्षेत्र को उन्नत बनाने हेतु उनके सुझाव आमंत्रित किए गए।

**02.09.2023–** "राजस्थान मिशन–2030" के अंतर्गत संचालित की जा रही प्रतियोगिताओं के तहत द्वितीय चरण की निबंध प्रतियोगिता सम्पन्न हुई जिसमें आरती सैनी प्रथम, मुस्कान शर्मा द्वितीय, तथा मुस्कान एवम मुस्कान खान तृतीय स्थान पर रहे ।

दैनिक भास्कर फतेहपुर भास्कर 13-09-2023

## कॉलेज में सम्मान समारोह आयोजित

रामगढ़ शेखावाटी | राजकीय सेठ आरएन रुइया पीजी कॉलेज में राजस्थान मिशन- 2030 अभियान के अंतर्गत आयोजित की गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों के सम्मान समारोह का आयोजन प्राचार्य प्रो. महेशकुमार स्वामी की अध्यक्षता में किया गया। समारोह में प्रश्नोत्तरी, निबंध व भाषण प्रतियोगिता के दोनों चरणों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया। राजकीय कन्या महाविद्यालय, सीकर में आयोजित जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में तृतीय स्थान पर रही छात्रा आरती सैनी को प्राचार्य ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के संचालक डॉ. एसके सक्सेना के नेतृत्व में कक्षावार विद्यार्थियों की समूहों में चर्चा करवा कर राजस्थान को देश का अग्रणी राज्य बनाने हेतु सुझाव प्राप्त किए गए। राजस्थान मिशन-2030 कार्यक्रम समिति की संयोजक डॉ. ज्योति शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में कैंपस प्लेसमेंट व कॅरिअर काउंसलिंग सेल के संयोजक डॉ सुरेश कुमार शर्मा ने कॉलेज में राज्य सरकार द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता एजेंसी के माध्यम से कैंपस प्लेसमेंट शिविर के आयोजन की जानकारी दी।



**19.09.2023–** राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के तत्वावधान में ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान का शुभारम्भ किया गया जिसके तहत प्राचार्य द्वारा स्वयंसेवकों को स्वच्छता संबंधी शपथ दिलवाई गई।

**21.09.2023–** ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनो इकाईयों के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर से गोद ली गयी बस्ती **ढेड़ी ढाणी** तक पैदल मार्च कर ''स्वच्छता रैली'' निकाली। स्वयंसेवको ने स्वच्छता से संबन्धित नारे लगायें तथा साफ–सफाई और कचरा इकट्ठा कर स्वच्छता का संदेश देते हुए श्रमदान किया एवं जन जागरूकता फैलाई।

फतेहपुर भास्कर 22-09-2023

## स्वच्छता रैली निकाली व श्रमदान दिया



**रामगढ़ शेखावाटी** | स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सेठ आरएन रूईया राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई यों के स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर से गोद ली गयी बस्ती ढाडी ढाणी तक पैदल मार्च कर स्वच्छता रैली निकाली। स्वयंसेवकों ने स्वच्छता से संबंधित नारे लगाए तथा साफ-सफाई और कचरा इकट्ठा कर स्वच्छता का संदेश देते हुए श्रमदान किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. महेश कुमार स्वामी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुमन कुमारी, शारदा इन्दलिया, डॉ. ज्योति शर्मा, राकेश शर्मा व रमेश कुमार ने स्वच्छता रैली में भाग लिया। रैली के समापन पर प्राचार्य प्रो. महेश कुमार स्वामी ने स्वच्छता के महत्व को बताते हुए स्वयंसेवकों को साफ-सफाई के लिए प्रेरित किया।

**23.09.2023–** ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनो इकाईयों के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के बगीचे में श्रमदान किया एवं वृक्षारोपण किया।





**26.09.2023–** एन.एस.एस. की दोनो इकाईयों के स्वयंसेवकों द्वारा उत्साह के साथ स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत रेलवे स्टेशन की साफ सफाई की एवं श्रमदान किया। श्रमदान के दौरान एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा पाचं दल चन्द्र शेखर दल, इन्द्रा दल, भगत सिंह दल एवं मदर टेरसा दल बनाकर महाविद्यालय परिसर के कुड़े

को निस्तारित किया। इसके पश्चात बस्ती में जोश के साथ रैली निकालते हुए समस्त बस्तीवासियों स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। समस्त स्वयंसेवकों द्वारा रैली में ''गन्दगी को भगाएगें, स्वच्छता अपनाएगें'' तथा स्वच्छता ही सेवा है गंदगी जान लेवा है जैसे नारे लगायें।

फतेहपुर भास्कर 27-09-2023

पप्पू चावरिया सहित अन्य मौजूद रहे।

## स्वच्छ भारत अभियान में किया श्रमदान



**रामगढ़ शेखावाटी |** कस्बे के सेठ आरएन रूईया राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस की दोनों इकाइयों के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अभियान में स्वच्छता ही सेवा अभियान में रेलवे स्टेशन की सफाई की एवं श्रमदान किया। श्रमदान के दौरान एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा पांच दल चंद्रशेखर दल, इन्द्रा दल, भगत सिंह दल एवं मदर टेरेसा दल बनाकर रेलवे स्टेशन परिसर के कचरे को निस्तारित किया। इसके बाद कस्बे में रैली निकालते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा नारे लगाकर लोगों को स्वच्छ भारत मिशन अभियान में काम करने की बात कही।

27.09.2023— राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के तत्वावधान में स्वयंसेवकों द्वारा उत्साह के साथ स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत कक्षा कक्षो की साफ सफाई की गई एवं श्रमदान किया गया।



कार्यक्रम अधिकारी